न्यायालय भू अभिलेख अधिकारी (एस.डी.ओ.) बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : श्री नरेश सोनी, आर.ए.एस

राजस्व आवेदन न0 65/2022

प्रार्थी :– भंवरराम उर्फ भंवरलाल पुत्र श्री नवलाराम जाति दर्जी निवासी सरवडी तह0 पचपदरा जिला बाडमेर ।

बनाम

विप्रार्थी :–.

1. कालूराम पुत्र नवलाराम
2. हडमानराम पुत्र नवलाराम
3. पवन कुमार पुत्र मानाराम
4. कालुराम पुत्र शंकर
5. मोहनराम पुत्र शंकर
6. पेपो बैवा शंकर
7. बाबुलाल पुत्र कानाराम
8. ओमप्रकाश पुत्र कानाराम
9. सांवलराम पुत्र कानाराम
10. हंजा बेवा कानाराम सभी जातियान दर्जी
11. जसराज पुत्र नेकाराम जाति सुथार निवासी सरवडी तह0 पचपदरा जिला बाडमेर ।
12. राजस्थान सरकार जरिये भूमिधारक तहसीलदार पचपदरा

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 136 आर.एल.आर एक्ट अधिनियम 1956 वास्ते रेकर्ड दुरूस्ती

उपस्थितिः– 1. श्री ओमप्रकाश डाबी प्रार्थीगण वकील

'आदेश'

दिनांक :– 01.08.2022

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पेश कर जाहिर किया कि प्रार्थी व विप्रार्थीगण संख्या 1 से 12 की संयुक्त सामलाती कृषि भूमि सरहद मौजा सरवडी पटवार क्षेत्र सरवडी भू.अ.नि. क्षेत्र कल्याणपुर तहसील पचपदरा की राजस्व सीमा में खेत खसरा संख्या 639/18 रकबा 31 बीघा किस्म बा, अव्वल, खसरा संख्या 39 रकबा 25 बीघा 08 विस्वा किस्म बा, अव्वल, खसरा संख्या 43 रकबा 22 बीघा 05 विस्वा किस्म बा अव्वल, खसरा संख्या 47 रकबा 32 बीघा 10 विस्वा किस्म बा, अव्वल, खसरा संख्या 48 रकबा 30 बीघा 13 विस्वा किस्म बा, अव्वल खसरा संख्या 49 रकबा 19 बीघा 11 विस्वा किस्म बा अव्वल, खसरा संख्या 472 रकबा 42 बीघा 02 विस्वा किस्म बा, अव्वल स्थित है। प्रार्थी का बचपन में नाम [illegible] के [illegible] प्रार्थी के पिता नवलाराम के फोत होने पर फौतगी म्युटेशन में हल्का पट[illegible]ी से प्रार्थी का वास्तविक नाम भंवरलाल के स्थान पर राजस्व [illegible] प्रार्थी के जन आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र एवं राशन कार्ड में [illegible] भंवरलाल दर्ज है । प्रार्थी का नाम भूलवंश दर्ज होने से प्रार्थी अपने सही एवं वास्तविक नाम भंवरलाल पुत्र नवलाराम के नाम से कोई सरकारी लाभ प्राप्त नहीं कर सकता तथा [illegible] कृषि विकास कार्य हेतु बैंको से ऋण आदि ले सकता है, जिससे प्रार्थी को कई तरह की अनावश्यक कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। अतः प्रार्थी का सही एव वास्तविक नाम भंवरराम की जगह भंवरालाल नाम की दुरूस्ती करने हेतु निवेदन किया है ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.10.01 19:51:47 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
(SDO) बालोतरा

प्रार्थी के प्रार्थना पत्र दर्ज कर विप्रार्थीगण को नोटिस दिनांक 10.3.2022 को जारी किया गया । विप्रार्थीगण नोटिस बाद तामिल के अनुउपस्थित रहने पर उक्त के विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही की गयी। विप्रार्थी संख्या –1 कालूराम ने प्रार्थी का सही नाम भंवरलाल दर्ज करने में कोई उज्र ऐतराज नहीं है । इस हेतु अपनी सहमति पेश की गयी, मौका फर्द रिपोर्ट दिनांक 06.6.22 की रिपोर्ट में पटवारी सरवडी ने भी जाहिर किया की उक्त आराजी के सह खातेदार का वास्तविक एवं रिकॉर्डेड नाम भंवरलाल पुत्र नवलाराम है किन्तु उक्त भूमि के रिकार्ड में नवलाराम के फौत होने पर भंवरराम पुत्र नवलाराम दर्ज कर दिया गया। नवलाराम के भंवराराम नाम का अन्य कोई पुत्र नहीं है। अतः विवादित भूमि के रिकार्ड में भंवराराम के स्थान पर भंवरलाल दर्ज किया जाना उचित है । सरपंच ग्राम पंचायत सरवडी ने भी प्रमाण पत्र पेश कर जाहिर किया की भंवराराम व भंवरलाल दोनो एक ही व्यक्ति है ।

प्रार्थी व प्रार्थी वकील को सुना गया तथा हमने प्रकरण का गौर से अवलोकन किया गया। प्रार्थी का सही नाम के सम्बन्ध में जनआधार कार्ड, परिचय पत्र, आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड व संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन व अध्ययन किया गया । जिसमें प्रार्थी का सही नाम भंवरलाल पुत्र नवलाराम है । जबकि प्रार्थी आराजी मौजा सरवडी में भंवराराम पुत्र नवलाराम दर्ज है ।

उपरोक्त विवेचन क आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि ग्राम सरवडी पटवार क्षेत्र सरवडी भू.अ. नि. क्षेत्र कल्याणपुर तहसील पचपदरा की राजस्व सीमा में खेत खसरा संख्या 639/18 रकबा 31 बीघा किस्म बा. अव्व्ल, खसरा संख्या 39 रकबा 25 बीघा 08 विस्वा किस्म बा. अव्वल, खसरा संख्या 43 रकबा 22 बीघा 05 विस्वा किस्म बा. अव्वल, खसरा संख्या 47 रकबा 32 बीघा 10 विस्वा किस्म बा.अव्वल, खसरा संख्या 48 रकबा 30 बीघा 13 विस्वा किस्म बा. अव्वल, खसरा संख्या 49 रकबा 19 बीघा 11 विस्वा किस्म बा अव्व्ल, खसरा संख्या 472 रकबा 42 बीघा 02 विस्वा किस्म बा, अव्वल के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम भंवराराम पुत्र नवलाराम के स्थान पर भंवरलाल पुत्र नवलाराम अंकित किये जाने के आदेश तहसीलदार पचपदरा को दिया जाता है ।

उपखण्ड अधिकारी (S.D.O.) न्यायालय बालोतरा

(नरेश सोनी)
भू.अभिलेख अधिकारी
(एसडीओ) बालोतरा
उप खण्ड अधिकारी (SDO) बालोतरा

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.10.01 19:51:47 IST
Reason: SelfAttested

आदेश आज दिनांक 01.08.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

भू.अभिलेख अधिकारी
(एसडीओ) बालोतरा
उप खण्ड अधिकारी (SDO) बालोतरा